संचिका सं0–12/प0–12–05/08 – 563 (12)

Net

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र कुमार वर्मा,
राज्य डेमोग्राफर–सह–नोडल पदाधिकारी (जन्म–मृत्यु),
राज्य परिवार कल्याण ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग,
विकास भवन नया सचिवालय,
बिहार, पटना–8 0 0 0 1 5

सेवा में,

सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–निबंधक (जन्म–मृत्यु),
प्रा0स्वा0केन्द्र, बेगुसराय, मटिहानी, बरौनी, तघरा, बछवाड़ा, बखरी,भगवानपुर, चेरिया वारियारपुर, साहबपुर कमाल, खुदावन्दपुर, बलिया, जिला–बेगुसराय /
सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अपर जिला निबंधक (जन्म–मृत्यु) जिला–बेगुसराय।

/पटना, दिनांक– 27-6-12

विषयः–वर्ष 2012 में जन्म–मृत्यु घटित घटनाओं का निबंधन कर प्रतिवेदित नहीं करने के संबंध में ।

प्रसंगः–जिला सांख्यिकी पदाधिकारी–सह–अपर जिला निबंधक (जन्म–मृत्यु) बेगुसराय का पत्रांक 291 दिनांक 06.06.12

महाशय,

उपरोक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गयी है कि आपके अधीनस्थ क्षेत्रों के अन्तर्गत घटित होने वाली जन्म–मृत्यु का निबंधन से संबंधित मासिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2012 में नहीं भेजे जा रहे हैं, जो कि खेद जनक है ।

ज्ञातव्य है कि राज्य में जन्म–मृत्यु घटनाओं का निबंधन शत–प्रतिशत करने का लक्ष्य है और अभीतक मात्र 52 प्रतिशत ही हो पायी है । आपके द्वारा प्रत्येक माह निबंधन संबंधी प्रगति प्रतिवेदन नहीं भेजे जाने के कारण राज्य की उपलब्धि में बढ़ोत्तरी नहीं हो पायेगी । इस कार्य में आप सभी का पूर्ण सहयोग आवश्यक है ।

2. यदि जन्म मृत्यु से संबंधित निबंधन प्रपत्र की कमी हो तो प्रपत्र की प्राप्ति जिला सांख्यिकी पदाधिकारी–सह–अपर जिला निबंधक (जन्म–मृत्यु) बेगुसराय से प्राप्त की जा सकती है ।

अतः जन्म–मृत्यु संबंधी घटनाओं का निबंधन शत–प्रतिशत करना सुनिश्चित करते हुए प्रतयेक माह प्रगति प्रतिवेदन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी–सह–अपर जिला निबंधक (जन्म–मृत्यु) बेगुसराय को भेजना सुनिश्चित की जाय

विश्वासभाजन,

27.6.2012

(यू0के0 वर्मा)
राज्य डेमोग्राफर–सह–नोडल
पदाधिकारी (जन्म–मृत्यु)

ज्ञापांक– 563 (12) /पटना, दिनांक– 27-6-12

प्रतिलिपि–सिविल सर्जन, बेगुसराय/जिला सांख्यिकी पदाधिकारी–सह–अपर जिला निबंधक (जन्म–मृत्यु) बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27.6.2012

राज्य डेमोग्राफर–सह–नोडल
पदाधिकारी (जन्म–मृत्यु)